Series : D7EGF

SET-2

रोल नं.

Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **30/7/2**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

नोट / NOTE : [ ]

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं।

Please check that this question paper contains **27** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं।

Please check that this question paper contains **38** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

गणित (मानक)

MATHEMATICS (STANDARD)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **80***

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

(iii) ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय (MCQ) तथा प्रश्न संख्या **19** एवं **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित **1** अंक के प्रश्न हैं ।*

(iv) ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के **2** अंकों के प्रश्न हैं ।*

(v) ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **3** अंकों के प्रश्न हैं ।*

(vi) ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **5** अंकों के प्रश्न हैं ।*

(vii) ***खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **36** से **38** तक प्रकरण अध्ययन आधारित **4** अंकों के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रकरण अध्ययन में आंतरिक विकल्प **2** अंकों के प्रश्न में दिया गया है।*

(viii) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड ख के 2 प्रश्नों में, खण्ड ग के 2 प्रश्नों में, खण्ड घ के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड ङ के 3 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है।*

(ix) *जहाँ आवश्यक हो स्वच्छ आकृतियाँ बनाइए। जहाँ आवश्यक हो* $\pi = \frac{22}{7}$ *लीजिए, यदि अन्यथा न दिया गया हो।*

(x) *कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है।*

खण्ड क

*इस खण्ड में **20** बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।* $20 \times 1 = 20$

1. बहुपद $p(x) = x^2 - x - 6$ के शून्यक (zeroes) हैं :

(A) 3, 2 (B) – 3, 2

(C) 3, – 2 (D) – 3, – 2

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them :

(i) *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper is divided into **five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

(iii) *In **Section A,** Questions no. **1** to **18** are multiple choice questions (MCQs) and questions number **19** and **20** are Assertion-Reason based questions of **1** mark each.*

(iv) *In **Section B,** Questions no. **21** to **25** are very short answer (VSA) type questions, carrying **2** marks each.*

(v) *In **Section C,** Questions no. **26** to **31** are short answer (SA) type questions, carrying **3** marks each.*

(vi) *In **Section D,** Questions no. **32** to **35** are long answer (LA) type questions carrying **5** marks each.*

(vii) *In **Section E,** Questions no. **36** to **38** are case study based questions carrying **4** marks each. Internal choice is provided in **2** marks questions in each case study.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section B, 2 questions in Section C, 2 questions in Section D and 3 questions in Section E.*

(ix) *Draw neat diagrams wherever required. Take* $\pi = \frac{22}{7}$ *wherever required, if not stated.*

(x) *Use of calculator is **not** allowed.*

SECTION A

*This section has **20** Multiple Choice Questions (MCQs) carrying **1** mark each.*

20×1=20

1. The zeroes of the polynomial $p(x) = x^2 - x - 6$ are :

(A) 3, 2 (B) – 3, 2

(C) 3, – 2 (D) – 3, – 2

2. यदि बहुपद $f(x) = 2x^2 - 8 - 8x$ के शून्यक m और n हैं, तो $m^2 + n^2$ का मान है :

(A) 0 (B) 32

(C) 24 (D) 16

3. यदि एक समांतर श्रेढ़ी का सार्व अंतर 5 है, तो $a_{18} - a_{13}$ का मान है :

(A) 10 (B) 20

(C) 25 (D) 30

4. बिंदु $P(2, -2)$ की मूल-बिंदु से दूरी है :

(A) 2 (B) -2

(C) 0 (D) $2\sqrt{2}$

5. 18 m ऊँचे खंभे की ज़मीन पर छाया की लंबाई, जब सूर्य का उन्नयन कोण θ इस प्रकार है कि $\tan\theta = \frac{6}{7}$ हो, है :

(A) 6 m (B) 7 m

(C) 18 m (D) 21 m

6. 6 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त से काटे गए एक वृत्तखंड का क्षेत्रफल $\frac{264}{7}$ cm^2 है। इस वृत्तखंड का केंद्रीय कोण है :

(A) $30°$ (B) $60°$

(C) $90°$ (D) $120°$

7. यदि किसी खिलाड़ी के एक खेल जीतने की प्रायिकता 0·21 है, तो उसके उसी खेल हारने की प्रायिकता है :

(A) 1·79 (B) 0·81

(C) 0·79% (D) 0·79

2. If m and n are the zeroes of the polynomial $f(x) = 2x^2 - 8 - 8x$, then the value of $m^2 + n^2$ is :

(A) 0 (B) 32

(C) 24 (D) 16

3. If the common difference of an A.P. is 5, then the value of $a_{18} - a_{13}$ is :

(A) 10 (B) 20

(C) 25 (D) 30

4. The distance of the point P(2, – 2) from the origin is :

(A) 2 (B) – 2

(C) 0 (D) $2\sqrt{2}$

5. The length of the shadow on the ground of a pole of height 18 m, when angle of elevation θ of the Sun is such that $\tan\theta = \frac{6}{7}$, is :

(A) 6 m (B) 7 m

(C) 18 m (D) 21 m

6. A sector of a circle with area $\frac{264}{7}$ cm^2 is cut from a circle of radius 6 cm. The central angle of the sector is :

(A) 30° (B) 60°

(C) 90° (D) 120°

7. If the probability of a player winning a game is 0·21, then the probability of him losing the same game is :

(A) 1·79 (B) 0·81

(C) 0·79% (D) 0·79

8. एक टोपी बेलनाकार आकार की है, जिसके ऊपर एक अर्द्धगोलाकार शीर्ष है। यदि बेलनाकार भाग का आयतन अर्द्धगोलाकार भाग के आयतन के बराबर है, तो बेलनाकार भाग की ऊँचाई और अर्द्धगोलाकार भाग की ऊँचाई का अनुपात है :

(A) 2 : 3 (B) 1 : 3

(C) 2 : 1 (D) 3 : 1

9. 4 सेमी कोर वाले ठोस घन से काटे जा सकने वाले सबसे बड़े लंब-वृत्तीय शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल है :

(A) $4\sqrt{5}\ \pi\ cm^2$ (B) $(4 + \sqrt{5})\ \pi\ cm^2$

(C) $(4 - \sqrt{5})\ \pi\ cm^2$ (D) $20\ \pi\ cm^2$

10. दी गई आकृति में, केन्द्र O वाले वृत्त पर बाह्य बिंदु P से खींची गई स्पर्श-रेखाएँ PA और PB परस्पर लंब हैं। यदि AB = $5\sqrt{2}$ cm है, तो PA की लंबाई है :



(A) 5 cm (B) $5\sqrt{2}$ cm

(C) $2\sqrt{5}$ cm (D) 10 cm

11. यदि $p\left[\dfrac{2\sin 30^\circ}{1-\sin^2 30^\circ}\right] = q\left[\dfrac{2\sin 30^\circ}{1+\sin^2 30^\circ}\right]$ है, तो p : q बराबर है :

(A) 1 : 1 (B) 4 : 3

(C) 3 : 5 (D) 4 : 5

8. A cap is cylindrical in shape and is surmounted by a hemispherical top. If the volume of the cylindrical part is equal to that of the hemispherical part, then the ratio of the height of the cylindrical part to the height of the hemispherical part is :

(A) 2 : 3 (B) 1 : 3

(C) 2 : 1 (D) 3 : 1

9. The curved surface area of the largest right circular cone that can be carved out from a solid cube of edge 4 cm is :

(A) $4\sqrt{5}\ \pi\ \text{cm}^2$ (B) $(4 + \sqrt{5})\ \pi\ \text{cm}^2$

(C) $(4 - \sqrt{5})\ \pi\ \text{cm}^2$ (D) $20\ \pi\ \text{cm}^2$

10. In the given figure, tangents PA and PB to the circle centred at O, from an external point P are perpendicular to each other. If AB = $5\sqrt{2}$ cm, then the length of PA is equal to :



(A) 5 cm (B) $5\sqrt{2}$ cm

(C) $2\sqrt{5}$ cm (D) 10 cm

11. If $p\left[\dfrac{2\sin 30^\circ}{1-\sin^2 30^\circ}\right] = q\left[\dfrac{2\sin 30^\circ}{1+\sin^2 30^\circ}\right]$, then p : q is equal to :

(A) 1 : 1 (B) 4 : 3

(C) 3 : 5 (D) 4 : 5

12. यदि दो त्रिभुजों DEF और PQR में, $\angle D = \angle Q$ और $\angle R = \angle E$ हों, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य ***नहीं*** है ?

(A) $\frac{EF}{PR} = \frac{DF}{PQ}$ (B) $\frac{DE}{PQ} = \frac{EF}{RP}$

(C) $\frac{DE}{QR} = \frac{DF}{PQ}$ (D) $\frac{EF}{RP} = \frac{DE}{QR}$

13. k का मान जिसके लिए समीकरण $3x - y + 8 = 0$ और $6x - ky = -16$ संपाती रेखाएँ निरूपित करते हैं, है :

(A) $\frac{1}{2}$ (B) $-\frac{1}{2}$

(C) 2 (D) -2

14. वह छोटी-से-छोटी संख्या जो 1 से 10 तक सभी प्राकृत संख्याओं (दोनों सम्मिलित) से विभाजित है :

(A) 10 (B) 100

(C) 504 (D) 2520

15. $\sqrt{2}$ और $\sqrt{3}$ के बीच एक परिमेय संख्या है :

(A) $\frac{\sqrt{2}+\sqrt{3}}{2}$ (B) $\frac{\sqrt{2}-\sqrt{3}}{2}$

(C) 1·3 (D) 1·8

16. एक समकोण त्रिभुज ABC में, जहाँ A पर समकोण है, यदि $\cos B = \frac{1}{4}$ है, तो $\cot B$ का मान है :

(A) $\frac{1}{4}$ (B) $\frac{1}{\sqrt{15}}$

(C) $\frac{\sqrt{15}}{1}$ (D) $\frac{4}{\sqrt{15}}$

12. If in two triangles DEF and PQR, $\angle D = \angle Q$ and $\angle R = \angle E$, then which of the following is ***not*** true ?

(A) $\frac{EF}{PR} = \frac{DF}{PQ}$ (B) $\frac{DE}{PQ} = \frac{EF}{RP}$

(C) $\frac{DE}{QR} = \frac{DF}{PQ}$ (D) $\frac{EF}{RP} = \frac{DE}{QR}$

13. Value of k for which equations $3x - y + 8 = 0$ and $6x - ky = -16$ represent coincident lines, is :

(A) $\frac{1}{2}$ (B) $-\frac{1}{2}$

(C) 2 (D) -2

14. The least number that is divisible by all the natural numbers from 1 to 10 (both inclusive) is :

(A) 10 (B) 100

(C) 504 (D) 2520

15. A rational number between $\sqrt{2}$ and $\sqrt{3}$ is :

(A) $\frac{\sqrt{2}+\sqrt{3}}{2}$ (B) $\frac{\sqrt{2}-\sqrt{3}}{2}$

(C) 1·3 (D) 1·8

16. In a right triangle ABC, right-angled at A, if $\cos B = \frac{1}{4}$, then the value of cot B is :

(A) $\frac{1}{4}$ (B) $\frac{1}{\sqrt{15}}$

(C) $\frac{\sqrt{15}}{1}$ (D) $\frac{4}{\sqrt{15}}$

17. यदि दो धनात्मक पूर्णांक a और b को $a = x^3y^2$ और $b = xy^3$ के रूप में लिखा जाए, जहाँ x और y अभाज्य संख्याएँ हैं, तो a और b का लघुतम समापवर्त्य (LCM) है :

(A) xy (B) xy^2

(C) x^3y^3 (D) x^2y^2

18. दी गई आकृति में, AT केन्द्र O वाले वृत्त की एक स्पर्श-रेखा है । यदि $\angle ABC = 50°$ है, तो $\angle CAT$ बराबर है :



(A) 70° (B) 50°

(C) 65° (D) 40°

*प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं। दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए।*

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है।

17. If two positive integers a and b are written as $a = x^3y^2$ and $b = xy^3$, where x and y are prime numbers, then LCM (a, b) is :

(A) xy (B) xy^2

(C) x^3y^3 (D) x^2y^2

18. In the given figure, AT is a tangent to a circle centred at O. If $\angle ABC = 50°$, then $\angle CAT$ is equal to :



(A) 70° (B) 50°

(C) 65° (D) 40°

*Questions number **19** and **20** are Assertion and Reason based questions. Two statements are given, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R). Select the correct answer to these questions from the options (A), (B), (C) and (D), as given below.*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

19. *अभिकथन (A) :* संख्याओं 1, 2, 3, ……., 15 में से यादृच्छया चुनी गई संख्या के 4 के गुणज होने की प्रायिकता $\frac{1}{3}$ है।

तर्क (R) : दो भिन्न सिक्कों को एक साथ उछाला जाता है। कम-से-कम एक चित आने की प्रायिकता $\frac{3}{4}$ है।

20. *अभिकथन (A) :* निम्नलिखित आँकड़ों पर विचार कीजिए :

वर्ग	*बारंबारता*
65 – 85	4
85 – 105	5
105 – 125	13
125 – 145	20
145 – 165	14
165 – 185	7
185 – 205	4

माध्यक वर्ग की ऊपरी सीमा और बहुलक वर्ग की निम्न सीमा का अंतर 20 है।

तर्क (R) : वर्गीकृत आँकड़ों का माध्यक वर्ग और बहुलक वर्ग सदैव भिन्न होते हैं।

खण्ड ख

*इस खण्ड में **5** अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **2** अंक हैं।* *5×2=10*

21. (क) एक Δ PQR की भुजाओं PQ और PR पर क्रमश: बिंदु X और Y स्थित हैं। यदि PX, QX, PY और YR की लंबाइयाँ (cm में) क्रमश: 4, 4·5, 8 और 9 हैं, तो सिद्ध कीजिए कि XY || QR.

अथवा

19. *Assertion (A) :* The probability that a number selected at random from the numbers 1, 2, 3, ..., 15 is a multiple of 4, is $\frac{1}{3}$.

Reason (R) : Two different coins are tossed simultaneously. The probability of getting at least one head is $\frac{3}{4}$.

20. *Assertion (A) :* Consider the following data :

Class	*Frequency*
65 – 85	4
85 – 105	5
105 – 125	13
125 – 145	20
145 – 165	14
165 – 185	7
185 – 205	4

The difference of the upper limit of the median class and the lower limit of the modal class is 20.

Reason (R) : The median class and modal class of grouped data are always different.

SECTION B

*This section has **5** Very Short Answer (VSA) type questions carrying **2** marks each.* *5×2=10*

21. (a) X and Y are points on the sides PQ and PR respectively, of a Δ PQR. If the lengths of PX, QX, PY and YR (in cm) are 4, 4·5, 8 and 9 respectively, then show that XY || QR.

OR

(ख) ABCD एक समलम्ब चतुर्भुज है जिसमें AB || DC तथा AD और BC पर क्रमश: बिंदु P और Q इस प्रकार हैं कि PQ || DC. यदि PD = 18 cm, BQ = 3·5 cm और QC = 15 cm हो, तो AD की लंबाई ज्ञात कीजिए।

22. (क) यदि $\tan A = (\sqrt{2} - 1)$ है, तो सिद्ध कीजिए कि :

$$\frac{\tan A}{1 + \tan^2 A} = \frac{\sqrt{2}}{4}$$

अथवा

(ख) यदि $\operatorname{cosec} \theta = \frac{13}{12}$ हो, तो $\cot \theta + \tan \theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

23. एक वृत्त जिसका केन्द्र O है, पर बाह्य बिंदु P से खींची गई स्पर्श-रेखा PQ है तथा QOR वृत्त का व्यास है। यदि $\angle POR = 120°$ है, तो $\angle OPQ$ का माप ज्ञात कीजिए।



24. उस बिंदु के निर्देशांक ज्ञात कीजिए जो बिंदुओं (– 1, 3) और (4, – 7) को मिलाने वाले रेखाखंड को आंतरिक रूप से 3 : 4 के अनुपात में विभाजित करता है।

25. यदि बहुपद $25p^2 - 15p + 2$ के दो शून्यक α और β हैं, तो एक द्विघात बहुपद ज्ञात कीजिए, जिसके शून्यक $\frac{1}{3\alpha}$ और $\frac{1}{3\beta}$ हों।

(b) ABCD is a trapezium in which AB || DC and P and Q are points on AD and BC respectively, such that PQ || DC. If PD = 18 cm, BQ = 3·5 cm and QC = 15 cm, then find the length of AD.

22. (a) If $\tan A = (\sqrt{2} - 1)$, then prove that

$$\frac{\tan A}{1 + \tan^2 A} = \frac{\sqrt{2}}{4}$$

OR

(b) If $\operatorname{cosec} \theta = \frac{13}{12}$, then find the value of $\cot \theta + \tan \theta$.

23. PQ is a tangent drawn from an external point P to a circle with centre O and QOR is the diameter of the circle. If $\angle$ POR = 120°, then find the measure of $\angle$ OPQ.



24. Find the coordinates of the point which divides the line segment joining (– 1, 3) and (4, – 7) internally in the ratio 3 : 4.

25. If α and β are two zeroes of the polynomial $25p^2 - 15p + 2$, find a quadratic polynomial where zeroes are $\frac{1}{3\alpha}$ and $\frac{1}{3\beta}$.

खण्ड ग

*इस खण्ड में **6** लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं।* *6×3=18*

26. एक समकोण त्रिभुज ABC के शीर्ष A(x, y), B(– 3, – 2) और C(3, 2) हैं, जहाँ समकोण A पर है। x और y के बीच संबंध ज्ञात कीजिए। फिर x = 3 होने पर y के सभी संभावित मान ज्ञात कीजिए।

27. दी गई आकृति में, AB और CD केंद्र O वाले वृत्त की दो समांतर स्पर्श-रेखाएँ हैं और एक अन्य स्पर्श-रेखा PQ जिसका स्पर्श बिंदु M है, AB को P पर और CD को Q पर प्रतिच्छेद करती है। सिद्ध कीजिए कि $\angle POQ = 90°$.



28. कौशिक एक बार में दो पासे फेंकता है और उन पर आने वाली संख्याओं का गुणनफल निकालता है। ऋषित एक पासा फेंकता है और उस पर आने वाली संख्या का वर्ग करता है। ज्ञात कीजिए कि किसके पास संख्या 36 प्राप्त करने की अधिक संभावना है।

29. चावल का एक ढेर शंकु के आकार में है जिसके आधार का व्यास 24 m और ऊँचाई 3·5 m है। चावल का आयतन ज्ञात कीजिए। यह भी ज्ञात कीजिए कि ढेर को ठीक से ढँकने के लिए कितने कैनवास कपड़े की आवश्यकता होगी।

SECTION C

*This section has **6** Short Answer (SA) type questions carrying **3** marks each.* $6 \times 3 = 18$

26. A(x, y), B(– 3, – 2) and C(3, 2) are the vertices of a right triangle ABC, right-angled at A. Find the relationship between x and y. Hence, find all the possible values of y for which x = 3.

27. In the figure, AB and CD are two parallel tangents to a circle with centre O and another tangent PQ with point of contact M, intersecting AB at P and CD at Q. Prove that $\angle POQ = 90°$.



28. Kaushik throws two dice once and computes the product of the numbers appearing on the dice. Rishit throws one die and squares the number that appears on it. Find who has the better chance of getting the number 36.

29. A heap of rice is in the form of a cone of base diameter 24 m and height 3·5 m. Find the volume of the rice. Also, find how much canvas cloth is required to just cover the heap.

30. (क) सिद्ध कीजिए कि :

$$\frac{\tan A - \cot A}{\sin A \cos A} = \tan^2 A - \cot^2 A$$

अथवा

(ख) यदि $\sin (A + 2B) = \frac{\sqrt{3}}{2}$ और $\cos (A + 4B) = 0$ है, तो A और B के मान ज्ञात कीजिए।

31. (क) सिद्ध कीजिए कि $\sqrt{5}$ एक अपरिमेय संख्या है।

अथवा

(ख) दर्शाइए कि $\frac{2 + 3\sqrt{2}}{5}$ एक अपरिमेय संख्या है।

खण्ड घ

*इस खण्ड में **4** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **5** अंक हैं।* *4×5=20*

32. (क) दो प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योगफल 29 है। यदि दूसरी संख्या पहली संख्या के दोगुने से एक अधिक हो, तो संख्याएँ ज्ञात कीजिए।

अथवा

(ख) एक किसान 180 m^2 क्षेत्रफल का आयताकार सब्ज़ी उद्यान तैयार कर रहा है। 39 m कंटीले तार से वह उद्यान की तीन भुजाओं को बाड़ लगा सकता है, जबकि उसकी एक लंबी भुजा खुली रहती है। उद्यान की विमाएँ ज्ञात कीजिए।

30. (a) Prove that :

$$\frac{\tan A - \cot A}{\sin A \cos A} = \tan^2 A - \cot^2 A$$

OR

(b) If $\sin (A + 2B) = \frac{\sqrt{3}}{2}$ and $\cos (A + 4B) = 0$, then find the values of A and B.

31. (a) Prove that $\sqrt{5}$ is an irrational number.

OR

(b) Show that $\frac{2+3\sqrt{2}}{5}$ is an irrational number.

SECTION D

*This section has **4** Long Answer (LA) type questions carrying **5** marks each.* *4×5=20*

32. (a) The sum of the squares of two natural numbers is 29. If the second number is one more than twice the first number, find the numbers.

OR

(b) A farmer prepares a rectangular vegetable garden of area 180 m^2. With 39 m of barbed wire, he can fence the three sides of the garden, leaving one of the longer sides unfenced. Find the dimensions of the garden.

33. एक पौधे की 40 पत्तियों की लम्बाई निकटतम मिलीमीटर तक मापी गई और प्राप्त आँकड़ों को निम्न सारणी में निरूपित किया गया है :

लम्बाई (मिमी. में)	*पत्तियों की संख्या*
118 – 126	3
127 – 135	5
136 – 144	9
145 – 153	12
154 – 162	5
163 – 171	4
172 – 180	2

पत्तियों की माध्य और माध्यक लम्बाई ज्ञात कीजिए।

34. समीकरणों $x = 3$; $x = 5$ और $2x - y - 4 = 0$ के आलेख खींचिए। इन रेखाओं और x-अक्ष द्वारा बनाए गए चतुर्भुज का क्षेत्रफल भी ज्ञात कीजिए।

35. (क) आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय (Basic Proportionality Theorem) का कथन लिखिए और इसे सिद्ध कीजिए।

अथवा

(ख) ABCD एक समलम्ब है जिसमें AB || DC है। असमांतर भुजाओं AD और BC पर क्रमश: बिंदु E और F इस प्रकार हैं कि EF || AB है। सिद्ध कीजिए कि

$$\frac{AE}{ED} = \frac{BF}{FC}$$



33. The length of 40 leaves in a plant are measured correctly to the nearest millimeter and the data obtained is represented as in the following table :

Length (in mm)	*No. of leaves*
118 – 126	3
127 – 135	5
136 – 144	9
145 – 153	12
154 – 162	5
163 – 171	4
172 – 180	2

Find mean and median length of leaves.

34. Draw the graphs of the equations $x = 3$; $x = 5$ and $2x - y - 4 = 0$. Also, find the area of the quadrilateral formed by the lines and the x-axis.

35. (a) State and prove Basic Proportionality Theorem (BPT).

OR

(b) ABCD is a trapezium with AB || DC. E and F are points on non-parallel sides AD and BC respectively such that EF is parallel to AB. Show that $\frac{AE}{ED} = \frac{BF}{FC}$.



खण्ड ङ

*इस खण्ड में **3** प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं।* *3×4=12*

प्रकरण अध्ययन – 1

36. एक सीढ़ी क्षैतिज रेखा से 60° के कोण पर झुकी हुई है और वह भवन Y की छत (छोर) की ऊर्ध्वाधर दीवार से सटी हुई है। सीढ़ी का आधार एक निश्चित बिंदु 'O' पर रखा गया है। कुछ समय बाद उसी आधार को स्थिर रखते हुए सीढ़ी को सामने स्थित भवन X की छत (छोर) पर इस प्रकार टिकाया जाता है कि वह भूमि के साथ 45° का कोण बनाती है। दोनों भवन एवं सीढ़ी का आधार 'O' एक सीधी रेखा में स्थित हैं।



उपर्युक्त दी गई जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) सीढ़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए। *1*

SECTION E

*This section has **3** case study based questions carrying **4** marks each.* *3×4=12*

Case Study – 1

36. A ladder inclined at an angle of 60° to the horizontal is leaning against the vertical wall of the terrace (top) of the building Y. The foot of the ladder is kept fixed at point 'O'. After some time, keeping the same foot fixed, it is made to lean against the terrace (top) of the opposite building X, at an angle of 45° with the ground. Both buildings along with the foot of the ladder, fixed at 'O' are in a straight line.



Based on the information given above, answer the following questions :

(i) Find the length of the ladder. *1*

(ii) बिंदु 'O' से भवन X तक की दूरी (OC) ज्ञात कीजिए। *1*

(iii) (क) दोनों भवनों के बीच की क्षैतिज दूरी ज्ञात कीजिए। *2*

अथवा

(iii) (ख) भवन X की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। *2*

प्रकरण अध्ययन – 2

37. वैभव ने एक वृत्ताकार खेत के चारों ओर बाड़ लगाई। बाड़ लगाने की कुल लागत ₹ 6,000 आई, जिसमें प्रति मीटर दर ₹ 30 थी। अब वह खेत को जोतने की योजना बना रहा है।

उपर्युक्त दी गई जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) खेत की परिमिति (परिधि) क्या है ? *1*

(ii) खेत की त्रिज्या क्या है ? *1*

(iii) (क) खेत का क्षेत्रफल क्या है ? *2*

अथवा

(iii) (ख) यदि जोताई की दर ₹ 0·50 प्रति वर्ग मीटर है, तो खेत को जोतने की लागत ज्ञात कीजिए। *2*

(ii) Find the distance of the building X from point 'O', i.e. OC. *1*

(iii) (a) Find the horizontal distance between the two buildings. *2*

OR

(iii) (b) Find the height of the building X. *2*

Case Study – 2

37. Vaibhav installed a fence around a circular field, with the total cost amounting to ₹ 6,000 at a rate of ₹ 30 per m. He now plans to plough the field.

Based on the information given above, answer the following questions :

(i) What is the perimeter of the field ? *1*

(ii) What is the radius of the field ? *1*

(iii) (a) What is the area of the field ? *2*

OR

(iii) (b) Find the cost of ploughing the field at the rate of ₹ 0·50 per m^2. *2*

प्रकरण अध्ययन – 3

38. एक रोड रोलर, जिसे प्राय: रोलर कॉम्पैक्टर या सिर्फ रोलर भी कहा जाता है, एक इंजीनियरिंग वाहन है जिसका उपयोग मिट्टी, बजरी, कंक्रीट या डामर को सड़कों और नींव के निर्माण में दबाने (सघन करने) के लिए किया जाता है। इसी प्रकार की मशीनें लैंडफिल या कृषि में भी उपयोग की जाती हैं। एक रोड रोलर निर्माण कंपनी के पिछले रिकॉर्ड से पता चला कि प्रत्येक वर्ष उत्पादित वस्तुओं की संख्या एक समांतर श्रेढ़ी (AP) बनाती है। कंपनी ने चौथे वर्ष में 270 रोड रोलर और दसवें वर्ष में 510 रोड रोलर बनाए।

उपर्युक्त दी गई जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) कंपनी का प्रथम वर्ष का उत्पादन क्या था ? *1*

(ii) कंपनी का आठवें वर्ष का उत्पादन क्या था ? *1*

(iii) (क) कंपनी का पहले 6 वर्षों का कुल उत्पादन क्या था ? *2*

अथवा

(iii) (ख) दूसरे वर्ष के उत्पादन और आठवें वर्ष के उत्पादन का अनुपात ज्ञात कीजिए। *2*

Case Study – 3

38. A road roller, often called a roller compactor or just a roller, is an engineering vehicle used to compact soil, gravel, concrete, or asphalt in the construction of roads and foundations. Similar machines are also used in landfills or agriculture. Past records of a road roller manufacturing company show that the number of products produced each year forms an Arithmetic Progression (AP). The company produced 270 road rollers in the 4th year and 510 in the 10th year.

Based on the information given above, answer the following questions :

(i) What was the company's production in the 1st year ? *1*

(ii) What was the company's production in the 8th year ? *1*

(iii) (a) What was the company's total production of the first 6 years ? *2*

OR

(iii) (b) Find the ratio of 2nd year's production to 8th year's production. *2*